तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 दुर्घटनाओं की जांच में लेटलतीफी ठेका मजदूरों...



12 मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण और फसल अवशेष प्रबंधन...



## खबर संक्षेप



### पीएससी ने 24वां वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल को सौंपा

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) ने अपना 24वाँ वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल रमेन डेका को सौंप दिया है। पीएससी के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा ने बताया कि शनिवार राजभवन में पीएससी की चेयरमैन रीता शांडिल्य ने सौजन्य भेंट कर राज्यपाल को चौबीसवां वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा। वार्षिक प्रतिवेदन में पीएससी की ओर से सालभर में ली गई परीक्षाएं, विभागीय प्रमोशन तथा शासन की ओर से भेजे गए प्रस्तावों का उल्लेख रहता है। वार्षिक प्रतिवेदन सौंपना रूटीन का घटनाक्रम है। इस अवसर पर राजभवन में पीएससी के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा, डॉ. सरिता उइके, संतकुमार नेताम, चंद्र कुमार अजगले एवं परीक्षा नियंत्रक लीना कोसम उपस्थित थीं।

### छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर राम कथा व हरि संकीर्तन का भव्य आयोजन

**साजा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर गैबहोर परिवार साजा द्वारा नया बाजार प्रांगण नगर पंचायत साजा में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध संकीर्तनकार एवं राम कथा वाचक कामता प्रसाद शरण कुड़ेरादादर, गरियाबंद छत्तीसगढ़ वाले का संकीर्तन, राम कथा गायन का आयोजन रात्रि आठ बजे से किया गया है। आयोजकों ने बताया कि रात्रि 8 बजे से राम कथा व हरि संकीर्तन सहित जिसमें छत्तीसगढ़ी राजभाषा के लोकप्रिय कथा वाचक व श्रीराम कथा को मनोरंजन और हास्यप्रद ढंग से प्रस्तुत करने वाले कथा वाचक कामता प्रसाद द्वारा अपनी रोचक शैली में गायन किया जाएगा। आयोजक राजेश कुमार वर्मा, गैबहोर परिवार सहित लोक संस्कृति कर्मी व जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने बताया कि 26 अक्टूबर 2025 की रात्रि आठ बजे से शुरु होने वाले राम कथा व हरि संकीर्तन लोक कलाकार कामता प्रसाद शरण द्वारा रोचक शैली में श्रोता, दर्शकों को सरस और समझपूर्वक जीवन जीने की शैली बताने की अद्भूत कुशलता है। इन्होंने नगरवासियों सहित क्षेत्र के कला प्रेमियों, साहित्यकारों व संस्कृति कर्मियों को अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### स्पा सेंटर में आपत्तिजनक हालत में मिले लोग

**भिलाई।** देह व्यापार का अवैध कारोबार स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में फिर पकड़ा गया है। जहां से कई आपत्तिजनक हालत में महिला और पुरुष मिले है। एएसपी पद्मश्री पवार ने बताया कि महिला रक्षा टीम व स्मृति नगर चौकी की संयुक्त कार्रवाई है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ले वेलनेस स्पा एंड सलून और लॉरेंजो स्पा में लगातार अवैध गतिविधियां संचालित हो रही थी।

# झोलाछाप डॉक्टरों के पास मौसमी बीमारियों के साथ सर्दी-खांसी के मरीजों की बाढ़, प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में झोलाछाप चिकित्सकों व उनके दवाखानों के पास मौसमी फ्लू सर्दी-खांसी, बुखार जैसी बीमार से ग्रसित मरीजो की भीड़ लग रही है।सुबह से लेकर देर शाम तक मरीजो की जमघट उनके निजी घरों व अस्पतालों में देखी जा रही है।इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासन गम्भीर नही है।हालात यह है कि गांव गांव में डॉक्टरी को कारोबार बनाये बैठे बगैर डिग्रीधारी व झोलाछाप चिकित्सकों के यहां सैकड़ो संदिग्ध मरीज पहुंच रहे है। जिन्हें अवैधानिक व गैरकानूनी रूप से प्रशासन के नाक के नीचे चिकित्सकीय कार्य करने वाले डॉक्टर सामान्य बीमारी समझकर इलाज व उपचार कर रहे है । अधिकांश झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिकों में संक्रमण सम्बन्धी शासन-प्रशासन के गाइडलाइन व दिशानिर्देश का ज़रा भी पालन नही किया जा रहा है। रोजाना सैकड़ो वायरल लक्षणों के संदिग्ध मरीजो को सामान्य उपचार कर उनकी जीवन व स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जबकि एक प्रशिक्षित व डिग्रीधारी डॉक्टर संदिग्ध वायरल लक्षण देखे जाने पर टेस्ट की सलाह देता है, उसके रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद ही उसे ईलाज करता है। जो कि अवैध व झोलाछाप डॉक्टरों के अस्पतालों में नही हो रहा है। जिस पर प्रशासन अनजान बनकर समस्या को और बढ़ा रहा है। प्रबुद्ध जनों का कहना है कि ऐसे अवैध चिकित्सकों व अवैधानिक निजी अस्पतालों को तुरंत नोटिस देकर प्रतिबंध लगाकर सील कर देना चाहिए। ताकि मरीजो के सेहत से खिलवाड़ न हो और मरीजो का बेहतर ट्रीटमेंट समय पर होना जरूरी है।

## दो वर्ष पूर्व न्यायालय के सख्त आदेश पर हुई थी कारवाई, वापस खुल गई बगैर डिग्री वालों की दुकान

### झोलाछाप डॉक्टरों का गोरखधंधा

ग्रामीण अंचलों में आम लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां पर झोलाछाप डॉक्टर प्राथमिकी उपचार के नाम पर गाँव के भोले-भाले ग्रामीणों से डिग्रीधारी चिकित्सकों की तरह मोटे फीस वसूल कर स्वयं ही दवाई भी बांट रहे है। जिससे ग्रामीण अंचलो में जानकारी व जागरूकता के अभाव में होने के कारण समूचे जिलेभर में सैकड़ो की तादाद में बगैर डिग्रीधारी झोलाछाप डॉक्टर अवैधानिक तरीकों से अपना कारोबार चला रहे। जबकि वर्तमान में गांव-गांव में भी शासकीय योजनांतर्गत चिकित्सालय चल रहे है। परंतु बगैर डिग्रीधारी डॉक्टरों की वजह से आज अनेकों सरकारी योजनाओं का बंटाधार हो रहा है।




### स्वास्थ्य से खिलवाड़

लोकल व सस्ती इलाज के मोहताज में आमलोग अपनी स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे है। जो कतई भी सही नहीं है। शासन द्वारा अगर मान्यता ही नहीं दी गयी है, तो इनका दिन दूना रात चौगुना चिकित्सकीय कारोबार समझ से परे है।जबकि ग्रामीण मरीजों के लिए जरूरी होने पर प्राथमिकी इलाज एक प्रकार से जरूरी है परंतु इसी इलाज के नाम पर मासूम ग्रामीणों व आम मरीजों को लगातार शोषण कर धंधा चलाना यह अच्छी बात नहीं है।

## आबकारी विभाग पर वाहन मालिक ने लगाया आरोप

# विभागीय कार्य के लिए किराए पर लिए वाहन का शराब परिवहन में उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

आबकारी विभाग के शराब से भरी परिवहन के दौरान हुए सड़क हादसे में चालक की मौत ओर आरक्षक के घायल होने की घटना हुई थी उस मामले में नए खुलासे हो रहे हैं वाहन मालिक रामू चौबे ने आबकारी विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें मालिक ने आरोप लगाते हुए कहा कि डेढ़ वर्ष पूर्व तत्कालीन आबकारी अधिकारी नितिन खंडूजा को उनके व्यक्तिगत व कार्यालयीन कार्य के लिए वाहन किराए पर दिया गया था ना की शराब परिवहन के लिए। मालिक के आरोप के पश्चात आबकारी विभाग के कार्यशैली पर अब सवाल उठने लगे हैं।

■ शराब परिवहन के दौरान हुए सड़क हादसे में वाहन चालक की मौत

बता दें कि आबकारी विभाग के द्वारा किराए पर लिए वाहन स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 04 पीई 8843 को शराब परिवहन में उपयोग किए जाने के दौरान नेशनल हाईवे 30 ग्राम जेवरा में बुधवार जोरदार पेट्रोल परिवहन में उपयोग आने वाली कंटेनर से भिड़ंत हो गई थी। हादसे के बाद उस समय आबकारी विभाग के कार्य प्रणाली पर सवाल उठे क्योंकि उनका शराब परिवहन कर रहा वाहन सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त होने के बाद मौके पर आबकारी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी नहीं पहुंचे. करीब 1 घंटे की मशक्कत ▸▸|शेष पेज 10 पर



### विपक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आबकारी अधिकारी और पूरा आबकारी विभाग अवैध शराब को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम कर रही है. इस घटना के पूर्व भी बेरला में एक घटना हुई थी जिसमें 20 पेटी अवैध शराब कार से बरामद हुई थी इससे यह स्पष्ट होता है की आबकारी विभाग द्वारा जिलेभर में कोचियाओ को शराब पहुंचाने का काम किया जा रहा है, जिला ही नहीं पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के रहते शराब की अवैध बिक्री हो रही है.

### नियमित चालक को हटाकर दूसरे चालक को सौपी जिम्मेदारी

इस मामले में खुलासा करते हुए वाहन मालिक रामू चौबे ने बताया कि वाहन का नियमित चालक नारायण साहू निवासी ग्राम भवरदा है. लेकिन जिस दिन बड़ी मात्रा में शराब का परिवहन किया जाना था उसी दिन नियमित वाहन चालक को हटाकर ग्राम भवरदा के ही मृत चालक रोशन सोनवानी (उम्र-22वर्ष) को बिना मेरी जानकारी के वाहन चालान की जिम्मेदारी सौपी गई. जिसके बाद सड़क दुर्घटना में स्कॉर्पियो वाहन का टैंकर से टकराने के बाद चालक की मौके पर ही मौत हो गई वही आरक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया.

### शिकायत की होगी जांच

इस संबंध में जिला आबकारी विभाग से जानकारी मांगी जाएगी, कि किस उद्देश्य से गाड़ी किराए पर लेने का एग्रीमेंट किया गया था। वाहन मालिक उपभोक्ता फोरम जा सकते हैं, इस मामले मे शिकायत पर जांच की जाएगी।

**-प्रकाश भारद्वाज,** एडीएम बेमेतरा

# ड्राइवर महासंघ की हड़ताल जारी बस मालिकों का नहीं है समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी, ड्राइवर आयोग का गठन, ड्राइवर के लिए सुरक्षा कानून सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ड्राइवर महासंगठन द्वारा 25 अक्टूबर अनिश्चितकालीन स्टेयरिंग छोड़ो अभियान चलाते हुए हड़ताल किए। जिसके तहत संगठन के लोग जिला मुख्यालय के विभिन्न आवागमन केंद्रों मौजूद रहकर सड़कों पर चलने वाली वाहनों को रोककर विरोध जताया।

■ शराबबंदी, सुरक्षा कानून, आयोग का गठन सहित कई मांग

ड्राइवर संगठन के इस आंदोलन से बस ऑपरेटर और परिवहन संघ ने दूरी बनाई ओर अपने वाहन चलाने की जानकारी दी गई है। ओर आरोप लगाया कि इस आंदोलन की आड़ में गुंडागर्दी की गई। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल को लेकर उनका कोई समर्थन नहीं है, बस और ट्रकें यथावत चलेगी। गौरतलब हो कि लंबे समय से ड्राइवर संगठन द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने कहा जा रहा है, लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर ड्राइवर महा संगठन ने 25 अक्टूबर शनिवार से अनिश्चितकालीन स्टेयरिंग छोड़ो अभियान के तहत हड़ताल किए कर दिए। ड्राइवर महा संगठन ने रात 12 बजे के बाद मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा सीमा से आने-जाने वाले बस ट्रक और टैक्सी को रोका। वही ड्राइवरों को समझाइए देते हुए उन्हें हड़ताल के समर्थन के लिए सहयोग मांगा। इस आंदोलन का असर भी जहां नजर आया वही सड़कों पर पूर्व की भांति वाहनों की भागदौड़ नहीं रहा जिसके चलते कई यातायात के कार्य अवरुद्ध रहे ओर अन्य शहरों की ओर जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा क्योंकि जगह जगह ड्राइवर महा संगठन के ▸▸|शेष पेज 10 पर

# अंचल के विभिन्न मड़ई मातर और लक्ष्मी पूजन में शामिल हुए पूर्व विधायक छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों तारालीम भरचट्टी तेलगा नया ढाबा सिलघट मोहभट्टा कोदवा सहित ग्रामों में आयोजित मडई मातर तथा लक्ष्मी पूजन कार्यक्रमों में शामिल हुए इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का यह आयोजन न केवल मातृशक्ति की आराधना का पर्व है बल्कि यह एक सामाजिक मिलन का भी पर्व है जिसमें हम सभी आपस में मिलजुल कर अपने ग्राम में आपसी भाईचारे के साथ एक होकर दीपावली पर्व मंडई मातर एवं लक्ष्मी पूजन का आयोजन करते हैं। छत्तीसगढ़ की यह संस्कृति ही हमें आपस में बाधे हुए रखी है और हमारे पुरखों की यह अनमोल विरासत को हमें हमेशा इसी तरह सजो कर रखना है आपसी भाईचारे और सौहार्द का यह पर्व हम सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए ग्रामीण अंचलों में जो इस परम्परा का निर्वहन किया जा रहा है वास्तव में यहीं हमारी संस्कृति को समृद्ध और संरक्षित किया गया है शहरों में रहने वाले आज भागदौड़ भरी जिंदगी में संस्कृति को भुलते जा रहे हैं इस अवसर पर माधुरी रवि परगनिहा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला रवि परगनिहा शुभम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा सीमा टिकरिया सदस्य जनपद पंचायत बेरला सुमित राजपूत चन्द्र शेखर परगनिहा चन्द्र विजय धीवर मोनल सिन्हा किशोर दुबे राधे श्याम बंजारे सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।







## मौसमी बीमारी सर्दी खांसी के संक्रमण का बढ़ेगा प्रभाव

# बेमौसम बादल छाने से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

बेमौसम बादल छाने से अंचल की किसान सहित ग्रामीणों के चेहरे में चिंता की लकीरें छाने लगी और मौसमी बीमारी के प्रकोप सर्दी-खांसी का संक्रमण का प्रभाव पड़ने लगा। आपको बता दें कि दीपावली त्यौहार को बड़े उत्साहपूर्व धूमधाम से मनाया गया। ठीक दूसरे दिन शनिवार को आसमान में सुबह से ही कालीघटा छाया रहा। वही तापमान लगभग 25 से 27 डिग्री रहा। वर्तमान में सहित ऋतु ठंड का मौसम धीरे धीरे अपने चरम सीमा पर बढ़ रहे है। क्षेत्र में ठंड बढ़ने लगी है।

लेकिन शनिवार को पूरे दिन आसमान में काली घटा छाने से किसान परेशान व चिंता नजर आए। किसान में भय छाने लगे है कि कहीं पानी न गिर दें। अगर पानी गिर जाए तो किसान की पूरी मेहनत पानी फिर जाएगा। उनका भय जायज है क्योंकि अभी उच्च किस्म की धन पक कर तैयार हो गए है तो बहुत किसानों के खेत की फसल अभी गर्भाशय व निकल कर तैयार हो गए है और फूल लगे है। वही पानी गिर गया तो फसल नुकसान होने बड़ी संभावना हो सकता है। साथ ही बेमौसम बादल छाने से मौसमी बीमारी फसल को कीड़े व माहू जैसे नानम प्रकार की बीमारी के प्रभाव पड़ने का भय लगा है। इसके अलावा फसल के साथ ही मनुष्यों को भी बुरा असर पड़ने लगे है। बेमौसम बारिश के कारण छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग तक सभी सर्दी खांसी से प्रभावित हो रहे है। आज इसका असर डॉक्टरों के क्लीनिक व हॉस्पिटल में देखने को मिलेगा।



खबर संक्षेप



## माता लक्ष्मी की प्रतिमा का किया विसर्जन

**दुर्ग।** मां वैभव लक्ष्मी समिति ग्राम कोटनी में धूमधाम से माता लक्ष्मी की प्रतिमा को पांच दिवसीय दिपावली में धनतेरस के दिन में स्थापित की गई थी। शुक्रवार को माता लक्ष्मी जी की प्रतिमा को विसर्जन किया गया। माता को हर्ष उल्लास के साथ गांव के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। माता लक्ष्मी की प्रतिमा को गांव में सेवा गीत गाकर गाजे बाजे के साथभ्रमण कर शिवनाथ नदी में विसर्जित किया गया।

## इस्कान प्रचार केंद्र में गोवर्धन पूजा का आयोजन



**दुर्ग।** इस्कॉन प्रचार केंद्र दुर्ग में धूमधाम के साथ श्री गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। साथ ही हरिनाम संकीर्तन, कथा, अभिषेक, दीपदान, 56 भोग अर्पण, महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस्कॉन दुर्ग के प्रभारी अनंत श्याम दास प्रभु द्वारा श्री गोवर्धन पूजा एवं कार्तिक मास के महत्व पर कथा की गई। समस्त शहरवासियों को दीपावली और श्री गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी।

## सेमरिया में दीपावली का पर्व उत्साह से मनाया



**दुर्ग।** बोरी तहसील के अंतर्गत ग्राम सेमरिया में दीपावली पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। गांव में घरों को प्राकृतिक रंगों व दीये की रौशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया। लोग अपने घरो में देवी लक्ष्मी तथा बुद्धि के देवता गणेश जी की पूजा अर्चना कर घर परिवार एवं गांव में सुख-शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना कर लक्ष्मी पूजा किया। मुख्य कार्यक्रम भगवान शंकर व माता पार्वती रूप में गौरा-गौरी की बारात निकालने व करसा परघाने से शुरू हुआ। गाँव के मध्य में चबूतरा में गौरा-गौरी स्थापना कर महिला तथा पुरुष पूजा-अर्चना कर गाँव में सुख, शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सुबह रामधुनी गाते हुए गांव के दर्री तालाब में गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। जिसमे महिलाएं एवं ग्रामीणजन शामिल हुए पश्चात लोग अपने अपने घरों में पशुधन के साथ गोवर्धन पूजा किया। इस अवसर पर गाँव के समाजसेवी प्रकाश मानिकपुरी, सुशीला मानिकपुरी, निसु उमरे, मन्नू उमरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दुर्घटनाओं की जांच में लेटलतीफी ठेका मजदूरों पर भारी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

घटनाओं की जांच में लेटलतीफी ठेका मजदूरों पर भारी पड़ रही है। विलंब से श्रमिक को दुर्घटना बाद मिलने वाले लाभ में देरी हो रही है। इस मामले में सीटू ने जांच प्रक्रिया में तेजी लाने प्रबंधन पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है। यूनियन ने मुख्य महाप्रबंधक से विभागीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा दुर्घटनाओं की जांच में जल्द कराने की मांग की है।

सीटू के मुताबिक पिछले 2 साल में रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में जो भी कार्यस्थल दुर्घटनाएं हुई है उन सभी दुर्घटनाओं के बाद विभागीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिस तेजी के साथ जांच की जानी चाहिए थी उसमें



लगातार देरी हुई है। इसके परिणाम स्वरुप जहाँ ठेका श्रमिक को दुर्घटना बाद मिलने वाले लाभ में बहुत देरी हुई और स्थाई कर्मियों के कार्यस्थल दुर्घटना के बाद इंज्यूरी लीव देने के लिए दुर्घटना रिपोर्ट बनाने एवं उसके बाद निकाले जाने वाले ऑर्डर को समय पर नहीं निकाला जा सका। इस कारण कर्मियों को कार्यस्थल दुर्घटना के बाद हुए अनफिट अवधि में विभागीय सुरक्षा अधिकारी के कहने पर अपनी स्वयं की छुट्टियां भरनी पड़ी। इसे एक साल बीत जाने के बाद भी वापस नहीं किया जा सका है। इस मामले को लेकर सीटू की टीम मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग से मुलाकात की। चर्चा के बाद मुख्य महाप्रबंधक ने पूरे मामलों को संज्ञान में लेते हुए कहा कि जल्द उचित कदम उठाएंगे।इंज्यूरी लीव ऑर्डर नही निकालने में अव्वल है रेल मिल ।सीटू के पास लगातार इस बात की शिकायत आ रही थी कि कार्य के दौरान दुर्घटना यानी इंज्यूरी ऑन वर्क के मामले में भी कर्मी को अपनी छुट्टियां भरनी होती है बाद में जांच के बाद छुट्टियां वापस होने की बात कही जा रही है।

## समय पर इंज्यूरी लीव ऑर्डर नहीं निकालने से लाभ से वंचित

### सीटू ने की पड़ताल

सीटू द्वारा इन मामलों की जांच करने पर पता चला कि रेल मिल में कार्य के दौरान होने वाले दुर्घटनाओं में इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जा रही है कार्यस्थल में हुई दुर्घटनाओं का इंज्यूरी लीव ऑर्डर नहीं निकाला जा रहा है। ऐसा करने में रेल मिल का सुरक्षा विभाग पूरे संयंत्र में अव्वल नंबर पर है। ईडी वर्क्स एवं सीजीएम तो सुरक्षा का संदेश लेकिन कुछ डीएसओ मनमानी कर रहे हैं। इसका खामियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है।

### इन दुर्घटनाओं में हुआ विलंब

सीटू ने बताया कि उच्च अधिकारियों का संदेश स्पष्ट है कि कार्यस्थल को इस तरह से बनाया जाए कि कोई दुर्घटना ही ना हो। दुर्घटनाओं की सारी संभावनाओं को धीरे-धीरे समाप्त कर दिया जाए । इसके बाद भी यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसे संजीदगी से लेते हुए जांच करना, दुर्घटनाओं के कारणों को पता लगाने के साथ हताहत हुए कर्मी को हर संभव मदद करना जरूरी है। लेकिन दुर्घटना हो जाने के बाद लंबे समय तक जांच नहीं करना इंज्यूरी लीव आर्डर नहीं निकलना एवं मनमानी तरीके से अपनी छुट्टी भर देने का संदेश देना कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए कर्मी को ही मानसिक पीड़ा देना है ।जिससे डीएसओ को बचाना चाहिए। सभी मामलों में सकारात्मक कदम उठाने का मिला आश्वासन चर्चा के दौरान सीटू ने 2024 एवं 2025 में हुए छह मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश किया जिसमें रेल मिल के अंदर हुए राम स्नेही गुप्ता, कृष्ण राव, मनोरंजन श्रीवास्तव, रमेश दास खड़गा, जीके वर्मा एवं आर एम पी 2 में हुए द्वारिका प्रसाद के मामले प्रमुख थे। इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य महाप्रबंधक ने उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## हॉस्पिटल इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम का हो रहा प्रयास

# अब जेएलएन अस्पताल के सभी दवाई काउंटर हुए ऑनलाइन और ऑफलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

## मरीजों को मिलेगी राहत, सीटू ने प्रबंधन से की थी मांग





बीएसपी जेएलएन अस्पातल सेक्टर नौ में अब ओपीडी में मरीजों को दवाई लिखाने लंबी लाइन नहीं लगाना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा ओपीडी में डाक्टरों द्वारा मरीजों को मेडिसीन लिखने के लिए सभी दवा काउंटरों में आंनलाइन व्यवस्था शुरु कर दी गई है। इससे कर्मियों को बड़ी राहत मिलेगी।

सेक्टर 9 अस्पताल अलग-अलग ओपीडी में डाक्टरों द्वारा मरीजों को ऑनलाइन दवा लिखने की व्यवस्था शुरू कर की गई है। इसका विस्तार भी किया जा रहा है लेकिन फार्मेसी में ऑनलाइन दवा वितरित करने का एक काउंटर था जिसे बढ़ा कर चार किया गया था । चार काउंटर ऑफलाइन दवाई वितरित कर रहे थे । मरीज अलग-अलग ओ पी डी में डाक्टर को दिखाने पर एक डाक्टर ऑनलाइन दवा लिखने और दूसरे डाक्टर ऑफलाइन स्लिप में दवा लिखने पर मरीज को अलग-अलग काउंटर में घंटों लाइन लगाना पड़ता है।

मरीजों की इस परेशानी को देखते हुए सीटू ने अस्पताल प्रबंधन से मांग किया था कि अस्पताल में हॉस्पिटल इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम को पूरी तरह से स्थापित करते तक सभी काउंटरों से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दवाइयां के वितरण की व्यवस्था किया जाए। इस पर प्रबंधन ने संज्ञान में लेकर सभी काउंटरों में ऑनलाइन ऑफलाइन दवाई वितरण की व्यवस्था को शुरू कर दिया है । इससे कर्मियों की समस्या कम होने लगी है। सीटू ने कहा है कि अस्पताल प्रबंधन के इस कदम से कर्मचारियों को राहत मिलेगी ।

### सॉफ्टवेयर के साथ उच्च सर्वर जरूरी

एचआईएमएस (हॉस्पिटल इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम) अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली है यह एक व्यापक सॉफ्टवेयर समाधान है। इसका उपयोग स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं द्वारा उसके संचालन की विभिन्न पहलुओं को प्रबंध करने के लिए किया जाता है जिसमें रोगी रिकॉर्ड, अपॉइंटमेंट, बिलिंग और इन्वेंट्री शामिल है इस सिस्टम के पूरी तरह से लागू होने पर अस्पताल में पूरी व्यवस्था ऑनलाइन हो जाएगा। इस सिस्टम के द्वारा अस्पताल की विभिन्न विभागों और कार्यों को एक डिजिटल प्लेटफार्म में एकीकृत किया जा सकेगा। इससे अस्पताल के कार्य प्रवाह को डिजिटल और सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ अस्पताल के भीतर दक्षता, सटीकता और संचार में व्यापक सुधार होगा। इसके लिए व्यापक सॉफ्टवेयर के साथ उच्च क्षमता वाले सर्वर का होना आवश्यकता है।

### सीटू ने दिया था 14 अगस्त को पत्र

भिलाई इस्पात संयंत्र अस्पताल में तेजी से हो रहे ऑनलाइन सिस्टम के मद्देनजर उभर के आ रही खामियों को दूर करने के लिए सीटू ने 14 अगस्त को कार्यपालक निदेशक को पत्र लिखकर कहा था कि सी एंड आई टी विभाग से बात करके सेक्टर 9 अस्पताल में ऑनलाइन दवा वितरण एवं एंट्री सिस्टम से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण किया जाए जिससे मरीजों और अस्पताल में कार्यरत फार्मेसी कर्मचारियों की परेशानी दूर हो सके ।

### ऐसे लिखी जाती हैं ऑनलाइन दवाइयां

हर मरीज के नाम से एक सीआरएन नंबर बनाया जाता है जिसे ओपीडी बुक के सामने के पन्ने में दर्ज कर दिया जाता है। इसे खोलकर डॉक्टर मरीज को किया जाने वाला इलाज और दवाईयों को एंट्री करते हैं फार्मेसी काउंटर में फार्मासिस्ट कंप्यूटर में सी आर एन नंबर खोल कर दवाइयां वितरित करते हैं। सीटू ने बताया कि अभी लगभग सभी ओपीडी में ऑनलाइन दवाइयां लिखी जा रही है और वार्ड में ऑनलाइन सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। कभी-कभी ऑनलाइन सिस्टम गड़बड़ होने पर ऑफलाइन पर्ची पर दवाई लिखकर दे दिया जाता है।

# मातर महोत्सव में शामिल हुए ग्रामीण विधायक ललित



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

तिरगा सिलोदा में मातर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मातर पर यादव समाज के लोग अपने घरों से काछन निकले फिर दइहान पहुंचकर खोड़हर देव की पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अखाड़ा कला के माध्यम अपने शौर्य का प्रदर्शन करने के साथ दांड़ खेलाकर गौधन को सोहई बांधे अंत में प्रसादी के रूप में लोगों को खीर व दूध का वितरण किया गया। साथ ही 8वी, 10वी, 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं व विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गणमान्य लोगों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य नंदू साहू, जिला मंत्री गिरेश साहू पूर्व केंदीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जनपद सदस्य दामिनी साहू, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, सरपंच धसिया राम, मुकेश बेलचंदन भूपेन्द्र बेलचंदन, उपाध्यक्ष नंदू निर्मलकर, सुरेन्द्र बेलचंदन सुखदेव देवांगन, नारायण साहू, चमन यादव, स्वेता राजपूत, बुधराम यादव, गणेश यादव, प्रकाश निषाद, जीवन लाल यादव सहित समिति के सदस्य व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का किया सम्मान

## राज्योत्सव : कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपा दायित्व

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में जिला मुख्यालय दुर्ग में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन पुराना गंज मंडी गंजपारा परिसर दुर्ग में किया जा रहा है। राज्योत्सव के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्य कार्यक्रम संचालन समिति का गठन किया गया है। उपयुक्त समिति में जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबेए अपर कलेक्टर योगिता देवांगन एवं वीरेंद्र सिंह शामिल है।

## नियर मिस रिपोर्टिंग योजना, कर्मी सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रेक्ट्री अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नियर मिस रिपोर्टिंग करने वाले संविदा कर्मियों को सम्मानित किया गया। सितंबर माह के लिए सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट के राहुल बुहाटे और मेसर्स बसंत ब्रदर्स की मीना बाई को उत्कृष्ट नियर मिस रिपोर्टिंग के लिए मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रेक्ट्री अभियांत्रिकी विभाग) प्रोसेनजीत दास द्वारा पुरस्कृत किया गया। यह सम्मान कर्मियों को उनके सतर्कता, जिम्मेदारी और सुरक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए प्रदान किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र की एथिकल स्टील की अवधारणा चार मजबूत स्तंभों पर आधारित है सुरक्षा, स्वच्छता, तकनीकी अनुशासन और प्रसन्नता। “प्रसन्नता” केवल नियमित कर्मचारियों की खुशी तक सीमित नहीं है, बल्कि उन संविदा श्रमिकों की भी प्रसन्नता से जुड़ी है ।

## टीए बिल्डिंग परिसर में स्वच्छता अभियान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत टीए बिल्डिंग परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी कार्मिकों ने एकजुट होकर श्रमदान किया और परिसर को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में स्वच्छता को केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जन स्वास्थ्य विभाग के अपशिष्ट प्रबंधन संस्थान एसएलआरएम सेंटर, नेवई द्वारा कचरे से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले ऑर्गेनिक खाद का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

## कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगरीय निकाय और जनपद पंचायत के अधिकारियों की बैठक में छठ पर्व की तैयारी, पीएम आवास के लिए राशि आवंटन और राज्योत्सव के तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी नगरीय निकायों में तालाबों की साफ-सफाई करने और छठ घाट पर प्रकाश आदि की समुचित प्रबंध करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि छठ पर्व पर स्नान स्थल में सुरक्षा का भी पुख्ता प्रबंध किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत मैपिंग कर एफटीओ राशि 31 अक्टूबर तक जारी हो जाए। बैठक में राज्योत्सव के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस हेतु अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व समय पर पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, एएसपी सुश्री ऋचा मिश्रा, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित थे।

# संयंत्र के अंदर अधिक लंबे ट्रक व ओवर लोड पर रोक की दरकार, दुर्घटना का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने ओवरस्पीड पर लगने वाले फाइन को बंद करने और संयंत्र के अंदर अधिक लंबे ट्रक और ओवर लोड पर रोक लगाने की माँग किये-: भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा डी सतपती से मुलाक़ात कर संयंत्र कर्मचारी पर ओवर स्पीड के कारण लगने वाले जुर्माने को रोकने की मांग की।

यूनियन ने प्रबंधन से संयंत्र के अंदर ओवर स्पीड में चलने वाली ट्रकों पर फाइन लगाने की मांग किये। विनोद उपाध्याय ने बताया कि संयंत्र के बाहर ठेका श्रमिकों द्वारा गाड़ी खड़ी कर दूसरे साइड में आने पर दुर्घटना होने की आशंका रहती है उस पर सुधार की माँग किये वशिष्ठ वर्मा ने संयंत्र के भीतर चलने वाली ट्रको में सुरक्षा मानको का पालन करवाने को कहा हरी शंकर चतुर्वेदी ने संयंत्र के भीतर ओवर हाईट एवं अतिरिक्त लंबी ट्रको के परिवहन पर रोक लगाने की माँग किये प्रदीप पाल ने कहा कि संयंत्र के भीतर की रोड पुराने छोटी ट्रैकों के हिसाब से बनी हुई है उन पर अतिरिक्त लंबाई की ट्रकों का परिवहन सुरक्षित नही है। मेन गेट और बोरिया गेट में ट्रकों के ट्रैफिक जाम के शीघ्र समाधान की मांग की गई ।



### सूअरों से कर्मी हो रहे घायल

शारदा गुप्ता ने बताया कि संयंत्र के अंदर भारी तादाद में सूअर बढ़ते जा रहे हैं । सूअर व गाय आदि से मेंन गेट में कर्मचारी टकराकर घायल हो रहे हैं ।इस पर अंकुश लगाया जाने क जरुरत है। बैठक में आईपी मिश्रा, वशिष्ठ वर्मा शारदा गुप्ता प्रदीप पाल मृगेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## सफाई व स्वच्छता व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# छठ पूजा : निगम की टीम सक्रिय, तालाबों में हो रही व्यापक सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने छठ पूजा की तैयारियों को लेकर शहर के प्रमुख तालाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पार्षद साजन जोसेफ, मनोज सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, मीना सिंह, विजय जलकारे, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग अमला उपस्थित रहे।

■ तालाबों में जमा कचरा, जलकुंभी हटाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने शीतला तालाब वार्ड 59 पुजारी तालाब, वार्ड 21 रेवा तालाब, वार्ड 23 बोरसी तालाब, वार्ड 51 एवं शतरूपा शीतला तालाब, वार्ड 29 का दौरा कर वहां चल रहे सफाई कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों के भीतर जमा कचरा, जलकुंभी, प्लास्टिक और गंदगी को पूरी तरह से हटाया जाए तथा आसपास की जगहों की भी सफाई और समतलीकरण किया जाए।



### महापौर व आयुक्त ने की अपील शहरवासी सहयोग करें, स्वच्छ और सुंदर दुर्ग बनाएं

महापौर ने कहा कि छठ पर्व एक आस्था और स्वच्छता से जुड़ा महापर्व है, जिसमें श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए तालाबों में पहुंचते हैं। ऐसे में निगम का दायित्व है कि वे नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तालाबों के किनारों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अस्थायी चेंजिंग रूम तथा सुरक्षा इंतज़ाम भी समय पर पूरे किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा छठ पर्व सिर्फ पूजा का पर्व नहीं, बल्कि यह स्वच्छता और अनुशासन का प्रतीक है। हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं को हर सुविधा मिले और तालाबों की सुंदरता भी बनी रहे। स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि सफाई दल लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक तालाब क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की गंदगी या जलजमाव की स्थिति न बने। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहरवासियों से अपील की छठ पूजा के दौरान तालाबों में प्लास्टिक या पूजा सामग्री न डालें। साफ-सफाई बनाए रखें और निगम के प्रयासों में सहयोग दें, ताकि शहर स्वच्छ, सुंदर और धार्मिक सौहार्द का उदाहरण बन सके।

पेज 9 के शेष...

### विभागीय कार्य...

के बाद ग्रामीणो व राहगीरो की मदद से घायल को बाहर निकाला गया। इसका खुलासा वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद हुआ जहां शराब की पेटिया व बोतल सड़क पर बिखर गई यहां करीब 37 पेटी शराब का परिवहन किया जा रहा था परंतु इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं उनसे मामले की जानकारी लेने के लिए दो दिन के भीतर करीब दर्जन भर फोन कॉल किए गए हैं वहीं उनसे मुलाकात करने कार्यालय जाने पर वह अपने कार्यालयीन समय में नदारद मिले अधीनस्थ कर्मचारियों से पूछने पर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

### ड्राइवर महासंघ की...

लोग गाड़ियों को रोक कर वापस लौटा रहे थे।

**यात्री बस बंद से मुक्त**- ड्राइवर संगठन की हड़ताल को लेकर बस स्टैंड में कोई भी असर नजर नहीं आया। यहां पर किसी भी तरह के बैनर पोस्टर हड़ताल को लेकर नहीं लगाए गए थे। इस हड़ताल के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ ने कहा है कि इस हड़ताल को लेकर छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ को कोई भी जानकारी नहीं दी गई है उन्होंने कहा कि बसों का संचालन आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आता है। यात्रियों को असुविधा न हो इसलिए बसें नियमित रूप से चालू रहेगी। उन्होंने कहा कि बस संचालकों के द्वारा किसी भी प्रकार के हड़ताल का आह्वान नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार के साथ पुलिस पकड़ में

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ पुलिस ने 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री पवार ने बताया कि सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चाकूबाजी करने वालों, धारदार हथियार लेकर धमकाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। जिसमें पद्मनामपुर से 4 आरोपी मोहम्मद एजाज को पोटिया चौक, इम्तियाज अहमद खान सिविल लाईन दुर्ग, मीहित ध्रुव सुभाष नगर दुर्ग, संजय साहू आदर्श नगर दुर्ग से गिरफ्तार किया। थाना सुपेला से 3 आरोपी नाबालिग को स्लाटर हाउस सुपेला, दुमडुन बौहान को फरीद नगर मुरम खदान , श्यान तांडी को गौतम नगर से पकड़ा गया। थाना दुर्ग से 3 आरोपी निखिल ताण्डी को गंजपारा, विजय ढीमर को नयापारा, भूपेन्द्र साहू को पंचशील नगर, भिलाई नगर से 2 आरोपी सोहेब खान को पीएनटी कालोनी के सामने सेक्टर 6, नासिर कुरैशी को एलआईसी विल्डिंग सेक्टर 6 से धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। वैशाली नगर से आरोपी आकाश दीप विश्वास को कैम्प-1, जागुल शाहवाज खान को घासीदास नगर, नंदिनी नगर से आरोपी प्रदीप को अरसनारा, रानीतराई से आरोपी पीयूष साहू को ग्राम असोगा गौठान के पास से पकड़ा गया।

### घर से लापता युवक की लाश तालाब में मिली

**भिलाई।** घर से दो दिनों से लापता युवक की लाश तालाब में तैरती मिली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। दुर्ग पुलिस ने बताया कि दुर्ग स्थित चंडी तालाब में शिवम यादव नामक युवक की लाश मिल। युवक पुताई का काम करता था। मृतक के परिवार में तीन लोग रहते थे। शिवम ही परिवार का पालन पोषण करता था। बताया जा रहा है कि शिवम पाटन में मरनी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तालाब में युवक किस कारण कूद गया इसकी जानकारी पुलिस को अभी नहीं मिल पाई है। जांच के बाद ही मौत का असली वजह सामने आ पाएगा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### कोड़िया में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता आज

**उतई।** युवा भारत दुर्ग, छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में आदर्श ग्राम कोड़ियि (हनोदा) विकासखंड व जिला दुर्ग में 26 अक्टूबर रविवार को विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें दुर्ग विकासखंड के अंतर्गत सभी ग्राम के 15 से 29 वर्ष के युवा प्रतिभागी/टीम को आमंत्रित किया गया है। शौर्य युवा संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने बताया ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण व ओबीसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, साथ ही माय भारत छत्तीसगढ़ राज्य उपनिदेशक नितिन शर्मा, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सरपंच खुमान निषाद, उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता में 5 प्रकार के खेल को शामिल किया गया है जिसमें बालक वर्ग के लिए गोला फेंक व कबड्डी, बालिका वर्ग के लिए तवा फेंक व रस्साकसी एवं दोनों वर्ग के लिए 100 मीटर दौड़ खेल शामिल है।

### स्मृति नगर पुलिस अपराधों पर नहीं लगा पा रही है अंकुश


**भिलाई।** स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में मारपीट, चोरी जैसे वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। दिन दहाड़े चोरी मारपीट जैसे घटनाओं को लेकर पुलिस की लापरवाही के कारण ही लोग सुरक्षित नहीं रह पा रहें है। मिली जानकारी के मुताबिक चौकी क्षेत्र में कई अवैध कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा है। इसका बड़ा कारण है स्मृति नगर पुलिस की खुली छूट है। जिसके कारण कई बडे मामले उजागर नहीं हो पाते है। यहां पर फरियादियों को तक अपनी समस्या बताने चौकी का चक्कर लगाने पड़ता है। यह चौकी जिस क्षेत्र में वहां कई बडे शिक्षण संस्थाएं, इंजीनियरिंग कालेज भी है।

### संतान प्राप्ति सहित अन्य मनोकामना के लिए दूर-दूर से पहुंचते हैं मेंहदीगढ़

# यहां मनोकामना पूरी होने पर लोग चढ़ाते हैं मिट्टी के हाथी-घोड़े, माना जाता है इसे गढ़

संजय साहू ▶▶| अंडा

**तीन दिन का मंडई मेला लगेगा आज से, लोग पहुंचेंगे श्रद्धा भाव से**





मैं मोहंदीपाट हूं... मेरी पहचान मेहंदीगढ़ के राजा मोहंदीपाट बाबा की वजह से प्रदेशभर में होती है। छत्तीसगढ़ की पहचान 36 गढ़ से होती है। मान्यता है कि 36 में से 18 गढ़ शिवनाथ नदी के उस पार पूर्व दिशा में है और 18 गढ़ पश्चिम दिशा में है। जिसमें मेहंदीगढ़ भी शामिल है। जिसकी पहचान वर्तमान में मोहंदीपाट के रूप में होती है। बाबा के अलावा अन्य देवी-देवताओं के मंदिर है। मंदिर केसामने हर साल देव मंडई मेला महोत्सव का आयोजन होता है।

जिसमें धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग, खैरागढ़, मानपुर मोहला, अंबागढ़ चौकी, कांकर सहित प्रदेश के 12 जिले के लोग शामिल होते हैं। तीन दिन तक मेला लगता है। इस बार 25, 26, 27 को मेला लगेगा। 26 अक्टूबर को मुख्य मेला है। जिसमें प्रदेश के अन्य जिले के लोग शामिल होकर मनोकामना पूरा होने पर मिट्टी से तैयार घोड़े, हाथी की मूर्ति चढ़ाएंगे। यहां बरसों पुरानी अखरा, पखरा नाम के दो खड़ी पत्थर आज भी सुरक्षित है। जहां आस्था के चलते लोग दीप जलाकर रखते है।

मोहंदीपाट बाबा के धार्मिक स्थल में आम लोगों के अलावा पूर्व सीएम भूपेश बघेल, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद सहित कई जनप्रतिनिधि घोड़े की मूर्ति चढ़ा चुके हैं। शौचालय बनाने पर अंग्रेजों को नुकसान हुआ था. जिस जगह पर धार्मिक स्थल है, वहां अंग्रेजों ने शौचालय बनाया था, तब नुकसान हुआ था। इस वजह से शौचालय को तोड़ने की नौबत आई थी। पहले गांव में रात में बाबा जब भ्रमण करने निकलते थे, तब घोड़े की घुंघरू स्पष्ट सुनाई देती थी। यहां संतान प्राप्ति, बच्चों की समस्याओं व अन्य मनोकामना के लिए प्रदेशभर के लिए लोग पहुंचते हैं। नवरात्र में 300 से ज्यादा ज्योति कलश प्रज्जवलित होती है। मातर उत्सव को लेकर मंदिर में तैयारियां चल रही है। इस मेला में बहुत दूर दूर से झुला, मीना बाजार वाले लोग आते हैं, झुला का पुरी तैयारी हो चुका हैं

मोहंदीपाट की देव मड़ई प्रदेशभर में प्रसिद्ध मोहंदीपाट की देव मड़ई प्रदेशभर में प्रसिद्ध है। दिवाली के दूसरे दिन से गांवों में मातर उत्सव के साथ मंडई मनाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। गांवों में मातर, मेला, मंडई छत्तीसगढ़ की संस्कृति है। यहां बालोद जिला मुख्यालय से दूरी-49 किलोमीटर कनेक्टिविटी-बालोद-दुर्ग मार्ग से गुंडरदेही होते और दुर्ग से अण्डा गांव होते हुए यहां पहुंच सकते हैं। प्रसिद्ध-मेहंदीगढ़ के राजा मोहंदीपाट बाबा का मंदिर।

## उन्नत नस्ल के पशुओं का हुआ प्रदर्शन, जुटे ग्रामीणजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ रजत जयंती स्थापना वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में विकासखंड स्तरीय पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं पशु मेला का आयोजन उपसंचालक पशुधन विकास विभाग दुर्ग व पशु चिकित्सालय अंडा के माध्यम से ग्राम अंडा में किया गया। जिसमें क्षेत्र के पशुपालकों ने अपने उन्नत नस्ल के गाय, भैंस, बैल व भैंसा जोड़ी उन्नत बछिया (कलोर) उन्नत साहिवाल/गिर वत्स बकरियां एवं मुर्गियों को प्रदर्शित किया गया। मेले के माध्यम से पशु चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। तत्पश्चात विभागीय पशु चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु पशु-पक्षियों का चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित जनप्रतिनिधियोंके द्वारा गौ माता की पूजन व मेले में लाएं गए पशु पक्षियों का अवलोकन कर किया गया। संतोष निषाद सभापति कृषि स्थाई समिति द्वारा अपने उद्बोधन में पशु प्रबंधन व नस्ल सुधार हेतु पशुपालकों का उत्साह वर्धन किया।

■ विकासखंड स्तरीय पशु मेला और प्रदर्शनी का आयोजन

तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों के द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के चयनित पशु पक्षियों के पशुपालकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया। मोबाइल यूनिट के द्वारा पशु रोग उपचार व औषधीयो का वितरण किया गया। इस अवसर पर संतोष निषाद सभापति कृषि स्थाई समिति जनपद दुर्ग अजीत चंद्राकर जनपद सदस्य अंडा, लोमेस चंद्राकर जनपद सदस्य कुथरेल, दिग्विजय सिन्हा सरपंच आदि उपस्थित थे।

## शिव-पार्वती के विवाह में बाराती बने ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ननकट्ठी

दीपों की रोशनी और गाड़ा-बाजा की थाप से गूंज उठा ननकटठी गांव, जब गोंड़ समाज ने पारंपरिक आस्था और लोक संस्कृति के रंग में डूबकर गौरा-गौरी पर्व मनाया। दीपावली के उपरांत तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में हर उम्र के लोग शामिल रहे। किसी ने सुआ गीत गाया, किसी ने थिरकते कदमों से भक्ति का उत्सव रचा। गोंड़ पारा और धोबिया पारा स्थित गौरा-गौरी चौरा में भगवान शंकर और माता पार्वती की प्रतिमाएं विधिवत स्थापित की गईं। सोमवार की सुबह जैसे ही गाजे-बाजे की धुन बजी, महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजीं और पुरुषों ने गाड़ा-बाजा की थाप पर नृत्य किया। पूरा गांव मानो शिव-पार्वती के विवाह में बाराती बन निकल पड़े। छत्तीसगढ़ में गौरा-गौरी पर्व सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोक जीवन का जीवंत उत्सव है जहां परंपरा, प्रेम और एकता का संगम देखने को मिलता है। यह पर्व पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालु पूरे हर्षोल्लास से माता गौरी की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। सोमवार को गौरा-गौरी की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। गीतों की गूंज, गाड़ा-बाजा की थाप और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबकी भावभंगिमा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की आत्मा झलक रही थी। गोंड़ समाज के लोगों ने बताया कि अन्य ग्रामों की अपेक्षा हमारे गांव में गौरा-गौरी उत्सव एक दिन पहले मनाया जाता है, क्योंकि हमारे पूर्वजों ने यह परंपरा आरंभ की थी। उसी संस्कृति और विरासत को हम आज भी आगे निभा रहे हैं। 'गौरा-गौरी के बिना दीपावली अधूरी है।

## मातर महोत्सव में कविता की सांस्कृतिक संध्या ने समा बांधा, माताजी ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम में मातर महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि संतश्री माताजी पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा सनातन संस्कृति के कई पारंपरिक उत्सव का विलुप्त अवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। इन्हें सुरक्षित और संरक्षित के उद्देश्य से आयोजन प्रतिवर्ष होना चाहिए। क्योंकि पूरे छत्तीसगढ़ में ग्राम निकुम की अलग ही पहचान है। दिवाली धनतेरस से प्रारंभ होकर अन्नपूर्णा गोवर्धन पूजा तक पांच दिनों तक त्यौहार में सब मिलकर ग्रामीण जनों अंचलों में परंपरा के अनुसार तीज त्यौहार मनाया। वही गौरी गौरा और दूसरे दिन लक्ष्मी पूजन हुआ। कलश शोभायात्रा के साथ सुमधुर वाद्य यंत्रों से पारंपरिक गीतों से गौरा गौरी विसर्जन किया गया। संत श्री माताजी ने मौके पर 50,000 दान किया और मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के समय और 50,000 दान देने की बात कही। वहीं ग्रामीणों के लिए मातर उत्सव पर कविता वासनिक राजनांदगांव की यादगार प्रस्तुति हुई। इस अवसर ग्राम पंचायत निकुम सरपंच भागवत पटेल ने कहा गांव में विकास की खुशब से निकुम को नई पहचान मिले सब मिलकर कार्य करेंगे। वही माता जी का आभार करते हुए कहा कि निकुम में सदैव ही हर कार्य के लिए सहयोग करते है। अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख, तोपसिंग अमृत, गिरीश चौधरी, पूर्व पंच धर्मेंद्र बेलचंदन आदि उपस्थित थे।

■ श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम में मातर महोत्सव

### चिंगरी में धूमधाम से मनाया मातर उत्सव



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी जिला दुर्ग में मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भागवत यदु ने बताया कि मातर के दिन सुबह 10:00 बजे गांव के हर गली में गाड़ा बाजा के साथ नाचते गाते गौठान में जाकर गौ माता की पूजा अर्चना करके मातर उत्सव मनाया गया। मातर उत्सव में श्रवण धीवर व यशवंत धीवर ने अखाड़ा, मड़ई का प्रदर्शन भी किया। यहां मातर उत्सव देखने आस पास के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। यहां सब लोगों ने एक साथ मिलकर मातर उत्सव का आनंद उठाया। कुम्हड़ा और तुमा की खिचड़ी बनाकर महाप्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी क्षेत्र के जनपद सदस्य बेला यादव, ग्राम पंचायत चिंगरी के सरपंच पुष्पा वाघमारे एव समस्त ठेठवार व यादव परिवार लक्ष्मण यादव,चेतन यादव, बंशीलाल यदु, गजानंद यदु, संतोष यदु, जहरीत यदु, रोहित यादव, चैतराम, रामकुमार, ओमप्रकाश, संतोष , मयाराम यदु, दयाराम, अरुण, देवेन्द्र यदु, लोरीक यदु, पीयूष यदु, सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य बेला यादव ने कहा कि सभी ग्रामवासियों को दीपावली भाई दूज, मातर उत्सव का हार्दिक बंधाई व शुभकामनायें दी।

## जीवन का असली आनंद संयुक्त परिवार में: चौरड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



विगत 10 वर्षों से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए इस बार चौरड़िया परिवार के चार पीढ़ी ने ओदरागहन में जम्बो रंगारंग दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया । जिसमें लगभग 100 सदस्य जामगांव आर, बटरेल, गुण्डरदेही, भिलाई, बालोद, राजनांदगांव और पैरी से परिवार सहित पहुंचे। इस दौरान विविध खेल, नुक्कड़, प्रहसन व तात्कालिक प्रश्न मंच आदि का मंचन कर समारोह को यादगार बनाने में कामयाब रहे। प्रेमचंद चौरड़िया ने बताया कि होली और दीपावली का पर्व बारी बारी से चयनित सदस्य निवास स्थान पर ही मनाते है। इसके पूर्व वर्षों में जामगांव आर, बटरेल और ओदरागहन में समारोह मनाए जा चुके है। उल्लेखनीय है कि ओदरागहन की सरपंच वरिष्ठ नागरिक कुसुम चोरड़िया है। इनके पहले पंचवर्षीय सरपंच रहे जिनेश चोरड़िया ने बताया कि डेढ़ साल की विरती और 85 साल के परिवार के वरिष्ठ पूर्व जनपद सदस्य हस्तीमल चौरड़िया समारोह को शोभायमान करते रहे।

### संयुक्त परिवार संस्कार का खजाना

उम्र के 7 दशक पार कर चुके वरिष्ठ समाजसेवी गौतमचंद चौरड़िया ने बताया कि जीवन का असली आनंद संयुक्त परिवार में ही है।एकल परिवार तो आनंद तलाशने का मृगतृष्णाई प्रयास ही करता है और अंततः उन्हें वह नहीं मिल पाता जिसकी तलाश में लोग एकल परिवार को महत्व देते है। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार तो संस्कार का खजाना है और इस खजाना से दूर रहकर कैसे रिश्तों में एकल परिवार संस्कार का प्रभाव डाल पाएंगे बड़ी चुनौती है। संयुक्त परिवार में पति पत्नी के बीच अपेक्षाकृत अधिक मधुर संबंध होते है। उन्होंने कहा कि परिवार का अंकुश जीवन उज्ज्वल राह दिखाती है संस्कारित मार्ग बताती है।

### समस्या आसानी से हल होती है संयुक्त परिवार में

जिला भाजपा के पूर्व सदस्य प्रमोद जैन ने कहा कि संयुक्त परिवार जीवन से नीरसता हटाती है समस्या आने पर सब मिलकर सरलता से हल कर डालती है। जबकि समस्या तो हर किसी के जीवन में आना ही है। केवल धन लालसा के कारण स्वार्थी बनकर एकल परिवार में सुख ढूंढना अच्छी जीवन की कल्पना बेमानी है।समारोह में हस्तीमल पूनमचंद, गोदावरी बाई, कुसुम बाई, गौतमचंद और प्रेमचंद चौरड़िया परिवार ने महती भूमिका निभाई। दीपावली मिलन समारोह में बेटी जवाई मंजू मनोज देशलहरा, ममता कँवरलाल नाहटा और समता अभय चोपड़ा भी शामिल हुए। जवाइयों ने समवेत स्वर में कहा कि चौरड़िया परिवार का 10 वर्षों से चल रहा यह आयोजन काबिले तारीफ है। तंगहाल में दौड़ रही जिंदगी में ऐसा आयोजन बड़ा सुकून देता है ।



## हर्षोल्लास से मना गौरा-गौरी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परंपरा के अनुरूप नगर पंचायत उतई में गौरा-गौरी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति द्वारा तीन दिनों तक भगवान शिव , माता पार्वती व लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना पश्चात बाजे-गाजे के साथ भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं मधुर पारंपरिक गीत गाकर ईशर गवरा और देवी देवताओं को जय कारे लगते हुए चलते रहे। कन्या नेहा यादव व करण ठाकुर प्रमोद ठाकुर ने अपने सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में अपनी सहभागिता निभाई। पर्व को लेकर नवयुवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान पूर्व पार्षद राकेश साहू ने शोभायात्रा में शामिल होकर उपस्थित लोगों को दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं दी।

### ईसर गौरा उत्सव मनाया



**सेलूद।** ईसर गौरा महापूजन ग्राम धौराभाठा में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ईसर गौरा उत्सव समिति के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर गोविंद ठाकुर नरेश, कोमल खिलावन पोर्ते कोमल पोडोटी चोवा पोर्ते अशोक, प्रकाश अमृत पंचराम मंडावी डोलेश चंद्रिका परमानंद समस्त सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## उद्यानों में सोलर लाइट सिस्टम कंडम, आयुक्त ने दिए मेंटेनेंस के निर्देश



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 5 अंतर्गत हुड़को तालाब, महाकालेश्वर तालाब, अमृत मिशन उद्यान, सुभाष उद्यान सहित रोड साफ-सफाई का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया। इस दौरान एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी मौजूद थे। उन्होंने हुडको तालाब एवं महाकालेश्वर तालाब का निरीक्षण किया। आगामी छठ पर्व से पहले तालाबों की साफ-सफाई कराने के साथ अन्य तालाबों की सफाई कराने निर्देशित किया। अमृत मिशन उद्यान एवं सुभाष उद्यान का अवलोकन किया। ग्रास कटिंग, वृक्षारोपण एवं अन्य व्यवस्थाओं के सुधार हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया। उद्यानों के भीतर किए गए सोलर प्रकाश व्यवस्था हेतु पोल एवं लाइटों का संधारण कराने निर्देशित किया। सड़कों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए एकत्रित कचरे को एसएलआरएम सेंटर भेजने कहा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, उप अभियंता शंकर सुवन मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्राइवेट पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन प्रारंभ

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने प्राइवेट पाठ्यक्रम के लिए विद्यार्थियों का पंजीयन शुरू कर दिया है। एनईपी अंतर्गत अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों का पंजीयन संबंधित बेवसाइड में कर सकते हैं। केवल बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में ध्यायी/ प्राइवेट/ अमहाविद्यालयीन छात्र के रूप में शामिल होने वाले 31 अक्टूबर तक आवेदन व पंजीयन की हार्डकॉपी कॉलेज में जमा करने की अंतिम तारीख 1 नवंबर है।

### ग्राम महका में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा।** दपंडरिया विधानसभा के ग्राम महका में दीपावली के पावन अवसर पर पूरे सप्ताह भर हमर महका सुघ्घर महका के थीम के तहत भव्य सांस्कृतिका और खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में ग्राम महका के सभी निवासी और विद्यार्थी शामिल हुए। सप्ताहभर कार्यक्रमों में रंगोली प्रतियोगिता, दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ और पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों और युवाओं में प्रतियोगिताओं के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कार और सम्मान देकर उनके मनोबल को बढ़ाया गया। कार्यक्रम में पिछले शिक्षा सत्र में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को सुमिति और विशेष सहयोगियों द्वारा प्रतीक चिन्ह और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इस पहल ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। आयोजकों ने कहा कि आयोजन के दौरान पूरे गांव में खुशी का वातावरण था। ग्राम महका में इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों के उत्साह को बढ़ाते हैं बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को भी जीवंत रखते हैं। आयोजन समिति ने कहा कि भविष्य में भी ग्रामीणों और विद्यार्थियों को जोड़कर कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

# दस सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने किया अनिश्चितकालीन चक्काजाम

- कवर्धा से नहीं चली किसी भी रूट की बसें, दिनभर भटकते रहे यात्री, महासंगठन ने शासन के समक्ष रखी दस सूत्रीय मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन ने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर 25 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन चक्काजाम कर दिया है। जिसके चलते शनिवार को कवर्धा में यात्री बसों के पहिए थमे रहे। बताया जाता है इस हड़ताल के चलते शनिवार को कवर्धा बस स्टैण्ड से किसी भी रूट के लिए यात्री बसों का संचालन नहीं किया गया जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा से रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, जबलपुर, कोरबा, लखनऊ, नागपुर सहित अन्य रूटों की बसों का संचालन किया जाता है लेकिन शनिवार को इन सभी रूटों की बसों के पहिए थमे रहे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन से मिली जानकारी के मुताबिक प्रांतीय आव्हान 25 अक्टूबर से दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालिन स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन शुरू किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन किए जाने, वाहन चालकों के लिए सुरक्षा कानून हेतु चालक आयोग का गठन किए जाने, ड्राईवर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को 20 लाख रूपए का मुआवजा प्रदान किए जाने, ड्राईवर के दुर्घटना में दिव्यांग होने पर परिवार को 10 लाख का मुआवजा प्रवान किए जाने, 1 सितम्बर को ड्राईवर दिवस घोषित किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राइवरों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा का आरक्षण प्रदान किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों के परिवार के लिए हेल्थ कार्ड जारी किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों की 55 वर्ष उम्र पश्चात सरकार की तरफ से पेंशन राशि दिए जाने तथा बीएनएस की धारा 105 (दस) 10 साल की सजा और 8 हजार रूपए जुर्माना के कानून को हटाए जाने की मांग शामिल है। संघ महासंगठन ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।



### छुट्टी व त्यौहारी सीजन में भटकते रहे सैकड़ों यात्री

गौरतलब है कि इस समय शैक्षणिक संस्थानो में दीपावली अवकाश चल रहा है वहीं त्यौहारी सीजन भी है। ऐसे में कई लोग अपने घरों से बाहर है और अब संभवतः 28 अक्टूबर से समाप्त होने वाले अवकाश तथा त्यौहारों के समाप्त होने पर वे वापस लौटने वाले हैं लेकिन एन समय में बसों के बंद होने से इन लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसका असर छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन की हड़ताल के पहले ही दिन से साफ दिखाई देने लगा है।

## बेमेतरा में जिला स्तरीय किसान मेला और संगोष्ठी का आयोजन

# मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण और फसल अवशेष प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत जिला स्तरीय किसान मेला सह संगोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, बेमेतरा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों को पारंपरिक कृषि पद्धतियों, प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि एवं आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर सुमन ध्रुव जनपद सदस्य, मोहन वर्मा प्रतिनिधि, नीमा वर्मा, जनपद सदस्य, सुशील टंडन नीता, जनपद सदस्य, राजू गायकवाड़, फेरहा राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत ढोलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. श्यामलाल साहू, सहायक संचालक कृषि द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ रजत जयंती की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रदेश के प्रत्येक जिले की भांति बेमेतरा जिले में भी 17 से 24 अक्टूबर तक रजत महोत्सव अंतर्गत कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मछली पालन तथा अन्य विभागों द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रमों और किसान मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने परंपरागत कृषि के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों व स्वदेशी ज्ञान के समुचित उपयोग से जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक है। इसके लिए मृदा के भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणों का ज्ञान जरूरी है जिससे मृदा की उर्वरता एवं स्वास्थ्य को बनाए रखा जा सके। उन्होंने गोबर खाद, नीम खली, हरी खाद, बकरी व पोल्ट्री खाद जैसे प्राकृतिक आदान सामग्री के उपयोग से मृदा में जैविक कार्बन और नत्रजन संतुलन बनाए रखने पर बल दिया।

### मृदा एवं जल संरक्षण पर दी जानकारी

इसके पश्चात डॉ. जितेंद्र जोशी ने मृदा एवं जल संरक्षण पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से मृदा के सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उत्पादकता कम होती है। उन्होंने कृषकों से अपील की कि पराली को खेतों में न जलाएं, बल्कि बेलर मशीन के माध्यम से बंडल बनाकर पशु चारे के रूप में उपयोग करें। साथ ही उन्होंने हैप्पी सीडर व जीरो टिलेज तकनीक के माध्यम से रबी फसलों की बुआई व फसल अवशेष प्रबंधन के लाभों पर भी प्रकाश डाला। कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा के दौरान वैज्ञानिक (उद्यानिकी) ने उद्यानिकी फसलों, तिलहनी फसलों जैसे अलसी, सरसों आदि की आगामी फसलों की तैयारी एवं चना व मसूर में उकठा रोग के प्रबंधन पर जानकारी दी।

### तकनीकी प्रश्नों का भी दिया समाधान

उन्होंने कृषकों के कृषि संबंधी तकनीकी प्रश्नों का समाधान भी प्रस्तुत किया । कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कृषकों ने कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मछली पालन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों एवं प्रदर्शन इकाइयों का अवलोकन किया। इस अवसर पर केवीके एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 500 से अधिक कृषकों की सहभागिता रही, जिन्होंने प्रदर्शनी, तकनीकी सत्र एवं संवाद के माध्यम से पारंपरिक एवं आधुनिक कृषि के समन्वय पर उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

# सिल्हाटी में बच्चों के विवाद बीच चाकूबाजी

## चार आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिल्हाटी

सहसपुर लोहारा थाना अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी में बीते शुक्रवार की रात करीब 7.00 से 8.00 बजे के बीच मामूली विवाद ने चाकू बाजी का रूप ले लिया। जिसमें एक युवक दिलीप जोशी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि यह विवाद छोटे बच्चों के साइकिल और मोटर साइकिल के टकराने से शुरू हुआ जिसने बाद में उग्र रूप लेकर चाकूबाजी तक पहुंच गया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात स्थानीय स्कूल तरफ की ओर से एक स्थानीय बच्चा सायकिल लेकर आ रहा था इसी दौरान उसकी सायकल दूसरे बच्चे की मोटर सायकल से टकरा गई बस इसी बात को लेकर दोनो बच्चों के परिवारों के बड़ों के बीच लड़ाई झगड़ा शुरू हो गया। मीनेश वैष्णव और दिलीप जोशी के बीच हुए इस झगड़े में दिलीप के शरीर में तीन जगह गंभीर चोटे आई है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में सिल्हाटी निवासी हरीश वैष्णव, नितेश उर्फ़ नितिन वैष्णव, मितेश वैष्णव और लोहारा निवासी अभिषेक शर्मा के शामिल होने की जानकारी स. लोहारा पुलिस से मिली है। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 109(1).296, 351 (3), 3 (5) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके से रामपुरी चाकू बरामद किया है। पुलिस टीम में डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, टीआई मनीष मिश्रा, एएसआई बलदाऊ भट्ट और अन्य स्टाफ ने आरोपियों को पकड़ने में सराहनीय भूमिका निभाई है।

# देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

- डीजे राजसात करने का दिया आदेश, ठोंका गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के सभी डीजे संचालकों की मीटिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा लेकर स्पष्ट रूप से निर्देश और समझाइश दी गई थी कि किसी भी आयोजन में देर रात तक और ज्यादा तेज आवाज में डीजे नहीं बजाया जाएगा तथा माननीय न्यायालय के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। इसके बावजूद कुछ डीजे संचालकों द्वारा लापरवाही बरतते हुए देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाकर आमजन को असुविधा और शांति भंग की जा रही थी। जिसे देखते हुए गत दिनो रात्रि में गंगानगर डीजे बंगला के पास पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-09 जेई-6147 में डीजे साउंड सिस्टम लगाकर रात 11.30 बजे के बाद तेज ध्वनि में फिल्मी गाने बजाए जा रहे थे। इसकी सूचना पर थाना कवर्धा द्वारा तत्काल दबिश दी गई और वाहन चालक गुलशन सिंह राजपूत पिता डाकोर सिंह राजपूत उम्र 21 वर्ष निवासी अमलीडिह, थाना कवर्धा के विरुद्ध धारा 3, 5, 15 छ.ग. कोलाहल अधिनियम 2000 के तहत इस्तगासा पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। पुलिस ने मौके से 8 नग स्पीकर सहित डीजे साउंड सिस्टम एवं पिकअप वाहन को जप्त किया गया एवं माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा 24 अक्टूबर को डीजे सिस्टम को राजसात करने का तथा वाहन स्वामी पर 1000 रुपए का जुर्माना का आदेश दिया गया है। कबीरधाम पुलिस जिले में ध्वनि प्रदूषण, सार्वजनिक असुविधा और न्यायालयीय निर्देशों के उल्लंघन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाए हुए है। यह कार्यवाही उन सभी डीजे संचालकों के लिए चेतावनी है जो नियमों का पालन नहीं करते। आगे से यदि किसी ने देर रात तेज ध्वनि में डीजे बजाया तो उसके विरुद्ध भी इसी प्रकार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# सिद्धपुर में भगवत कथा सुनने उमड़ रही श्रोताओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

सिद्धपुर नवागांव में पाठक परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में समुद्र मंथन व वामन अवतार की कथा व्यासपीठ द्वारा सुनाई गई। श्रीमद् भावगत कथा ज्ञान यज्ञ में शनिवार को देवताओं एवं राक्षसों के बीच समुद्र मंथन एवं वामन अवतार का वर्णन किया गया। कथा वाचक महाराज नृसिंह ने राक्षस और देवताओं के बीच समुद्र मंथन की मधुर कथा सुनकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यासपीठ ने कहा कि समुद्र मंथन से निकलने वाले रत्नों के बंटवारे को लेकर विवाद के बाद भगवान विष्णु के मोहनी रूप का दृष्टांत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद राजा बलि का अभिमान तोड़ने के लिए वामन अवतार देखकर लोग भक्ति से प्रफुल्लित उठे। यजमान श्रीमती दीपांजलि, श्रीमती वर्षा, परितोष पाठक, श्रीमती विभा नंदी पाठक ने वामन भगवान की आरती व पूजा अर्चना की। कथा का श्रवणपान करने बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

# छिरहा प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्रवंशी ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़कर रचा इतिहास

- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दूसरी बार नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मेहनत और लगन से किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। इसे एक बार फिर चरितार्थ करते हुए कबीरधाम जिले के एक साधारण से गांव से निकले शिक्षाविद ने असाधारण उपलब्धि हासिल किया है।

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य और ग्राम परसवारा निवासी डॉ. रमेश कुमार चंद्रवंशी ने ज्ञान की अनवरत साधना और सीखने की अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसी मिशाल कायम किया है, जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। डॉ. चन्द्रवंशी ने अपने ही पुराने विश्व रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए एक ही विश्वविद्यालय से तेरह विषयों में मास्टर डिग्री हासिल कर एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसके चलते उनका नाम प्रतिष्ठित गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दूसरी बार स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया है। उन्हें यह सम्मान मोस्ट मास्टर डिग्री अर्नड फ्रॉम वन यूनिवर्सिटी अर्थात एक ही विश्वविद्यालय से अर्जित सर्वाधिक मास्टर डिग्रियां शीर्षक से प्रदान किया गया है। उन्होंने अपनी सभी तेरह मास्टर डिग्रियां छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से ही प्राप्त किया है। इससे पहले वर्ष 2023 में भी यह विश्व रिकॉर्ड बारह विषयों में मास्टर डिग्री के साथ उन्हीं के नाम दर्ज था, जिसे अब उन्होंने स्वयं ही वर्ष 2025 में अंग्रेजी साहित्य में तेरहवीं मास्टर डिग्री पूरी कर तोड़ दिया है।

### तीन दशकों की अनवरत ज्ञान साधना

डॉ. रमेश कुमार चंद्रवंशी की यह यात्रा कोई दो-चार वर्षों की नहीं, बल्कि तीस वर्षों की तपस्या का फल है। उनकी इस ज्ञान यात्रा का शुभारंभ सन 1996 में हुआ, जब उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से गणित विषय में एम.एस-सी. की उपाधि प्रावीण्य सूची में पांचवां स्थान प्राप्त करते हुए हासिल की। सन 2005 में विभागीय चयन प्रक्रिया के आधार पर शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर से प्रथम श्रेणी में मास्टर ऑफ एजुकेशन की उपाधि प्राप्त किया। सन 2004 में राजनीति विज्ञान, 2007 में अर्थशास्त्र, 2009 में इतिहास, 2011 में हिन्दी साहित्य, 2013 में समाजशास्त्र, 2015 में लोकप्रशासन, 2017 में भूगोल, 2019 में दर्शनशास्त्र, 2021 में प्राचीन भारतीय इतिहास, 2023 में भाषाविज्ञान एवं वर्तमान वर्ष 2025 में अँग्रेजी में मास्टर डिग्री प्राप्त किया है। इस लंबी अवधि के दौरान उनके सामने कई व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियां आया, लेकिन उन्होंने धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखा।

## मांगों को लेकर निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन, संघो ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

# सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ व कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा।



15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली समर्थन मूल्य में धान खरीदी के पूर्व सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं कम्पयुटर ऑपरेटर संघ ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को लेकर दोनों ही संघों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में शनिवार को रैली निकाली और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री तथा वित्त मंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मांगों को लेकर रैली की सक्ल में जिला कार्यालय पहुंचे सेवा सहकारी समिति संघ के कर्मचारियों तथा कम्पयूटर ऑपरेटरों ने बताया कि वे अपनी जायज मागों को लेकर वर्षो से संघर्ष करते आ रहे हैं लेकिन आज पर्यंत उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। समिति कर्मचारियों ने बताया कि जिले में इस बार भी 15 नवम्बर से धान खरीदी की घोषणा कर दी है लेकिन अभी तक कई समितियों में धान का उठाव नहीं हुआ है। समिति द्वारा वर्षो से सूखत क्षतिपूर्ति की मांग शासन से की जा रही है लेकिन शासन ने आज तक इस मांग को पूरा नहीं किया है जिसका खामियाजा समितियों को कई रूपों में भुगतना पड़ रहा है। इसी प्रकार कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने बताया कि वे समितियों में वर्षो से काम करते आ रहे हैं और लगभग पूरे 12 महिने अल्प वेतनमान में काम करते हैं।

लेकिन अब सरकार ने नई धान खरीदी नीति के तहत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को मात्र 6 माह का वेतन देने का ऐलान किया है जो कम्प्यूटर ऑपरेटरों के साथ अन्य है। दोनो ही संघ ने बताया कि मुख्य रूप से सूखत क्षतिपूर्ति दिए जाने तथा कम्प्यूटर ऑपरेटरों को नियमित किए जाने की मांग को लेकर शासन को ज्ञापन सौंपा गया है। संघों ने बताया कि आज यह सांकेतिक प्रदर्शन था अगर उनकी मांगों को जल्द ही पूरा नहीं किया गया तो आने वाले दिनो में अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ की जाएगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

